Hire-purchase Housing Scheme

295. Shri P. Ramamurti:
Shri A. K. Gopalan:

Will the Minister of **Works, Housing and Supply** be pleased to state:

(a) whether the hire-purchase housing scheme for the middle income group prepared by the Delhi Development Authority has been held up for want of funds;

(b) if so, the reasons for the delay; and

(c) whether the Delhi Development Authority tried to obtain loan from the Life Insurance Corporation and if so, with what result?

The Deputy Minister in the Ministry of Works Housing and Supply (Shri Iqbal Singh): (a) and (b). The matter is receiving attention. Government is trying to find resources for the scheme.

(c) Yes, but the proposal did not materialise as the rate of interest demanded by the Life Insurance Corporation was considered on the high side by the Central Government, which was to guarantee the loan.

पेंशन नियमों में संशोधन

296. श्री मोहन स्वरूप :
श्री बी॰ चं॰ शर्मा :

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि अखिल भारतीय डाक व तार पेंशन प्राप्तकर्ताओं की संस्था ने यह मांग की है कि पेंशन नियमों में कुछ संशोधन किया जाये, जिससे कि अत्यावश्यक वस्तुओं के बढ़ते हुए मूल्यों के अनुसार खर्च पूरा किया जा सके ; और

(ख) यदि हां, तो इस सम्बन्ध में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

उप-प्रधान मंत्री तथा वित्त मंत्री (श्री मोरारजी देसाई): (क) जी, हां।

(ख) संस्था की मांगों पर ध्यान पूर्वक विचार किया गया है परन्तु उन्हें स्वीकार करना सम्भव नहीं पाया गया।

मैसर्स मैकन्जीज लिमिटेड

297. श्री भारत सिंह चौहान :
श्री हुकम चन्द कछवाय :
श्री राम सिंह आयरवाल :

क्या वित्त मंत्री 10 नवम्बर, 1966 के अतारांकित प्रश्न संख्या 1077 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मैसर्स मेकेन्जीज लिमिटेड द्वारा अपने संतुलन-पत्र में बढ़ा-चढ़ा कर दिखाये गये आंकड़ों की जांच पूरी हो गई है ; और

(ख) यदि हां तो उस जांच का ब्यौरा क्या है और विभिन्न शीर्षों के अन्तर्गत इस समवाय द्वारा दिखाये गये आंकड़े क्या हैं ?

उप प्रधान मंत्री तथा वित्त मंत्री (श्री मोरारजी देसाई) : (क) जी नहीं।

(ख) प्रश्न ही नहीं उठता।

सोने का बरामद किया जाना

298. श्री जगन्नाथ राव जोशी :
श्री हुकम चन्द कछवाय :
श्री राम सिंह आयरवाल :
श्री यशवन्त सिंह कुशवाह :

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि अप्रैल, 1966 से मार्च, 1967 तक की कालावधि में 2090 किलो सोना बरामद किया गया

(ख) यदि हां तो उक्त मात्रा में से कितना सोना सरकार के पास जमा किया गया है ;